10:52 AM
Page_No_1.pdf



नारनौल। मेले में भाग लेती छात्राएं।

## महिला कॉलेज में उद्यमी मेले का आयोजन

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को वाणिज्य विभाग की तरफ से उद्यमी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने महाविद्यालय की अपनी सहपाठियों के बीच छोटे-छोटे उद्यमों का प्रदर्शन किया। मेले का शुभारंभ प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. यशपाल व डा. आरपी सिंह की उपस्थिति में किया।








दैनिक भास्कर
नारनौल भास्कर 13-10-2022

रेवाड़ी,गुरुवार, 13 अक्टूबर, 2022 | 2

# उद्यमी मेले में तान्या की टीम को मिला सर्वश्रेष्ठ उद्यमी का दर्जा

भास्कर न्यूज | नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की ओर से उद्यमी मेले एंटरप्रेन्योर फेयर का आयोजन किया गया। इसमें वाणिज्य पढ़ने वाली छात्राओं में उद्यमी का गुण विकसित करने के लिए अपनी तरह की इस विशेष गतिविधि में वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने महाविद्यालय की अपनी सहपाठियों के बीच छोटे-छोटे उद्यमों का प्रदर्शन किया।

मेले का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने कहा कि इस प्रकार के विशेष आयोजन छात्राओं को आत्म निर्भर बनने की ओर प्रेरित करते हैं। प्राध्यापक डॉ. यशपाल तथा डॉ आरपी सिंह ने छात्राओं को इस आयोजन से सीख लेकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। मेले की संयोजक तथा वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर पारूल गुप्ता ने बताया कि छात्राओं में उद्यमिता का गुण विकसित करने के लिए इस गतिविधि का आयोजन किया गया है। जिसमें वाणिज्य विभाग के सदस्य डॉ मनमीत कौर, डॉ प्रवीण गुप्ता स्वीटी गोयल तथा पूजा बत्रा ने छात्राओं का मार्ग निर्देशन किया।